प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। इस आधुनिक एयरपोर्ट को 11 हजार 200 करोड़ रूपये की लागत से विकसित किया गया है। ये देश के सबसे बडे ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स में से एक है। इससे क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी बेहतर होगी और दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी भीडभाड कम होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि इससे दिल्ली एनसीआर को वैश्विक विमानन केन्द्र के रूप में अग्रणी स्थान मिल सकेगा। **इससे रोजगार के अवसर भी बढेंगे।**

......

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि इस हवाई अड्डे से यात्रियों को तो फायदा होगा ही साथ ही मजबूत कार्गो ईको सिस्टम से माल ढुलाई भी बेहतर होगी।

.....

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वी कड़ी होगी।

0000

जयपुर में आज से नेशनल प्रिन्टिंग एक्सप्रो की शुरूआत हुई। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इसका उद्घाटन किया। तीन दिन का ये एक्सप्रो सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रिन्टिंग और पैकेजिंग उद्योग से जुडी 200 से अधिक कंपनियां भाग ले रही है। एक्सपो में डिजिटल, ऑफसेट और स्क्रीन प्रिन्टिंग की आधुनिक मशीनों और नवीनतम तकनीक का प्रदर्शन किया जा रहा है।

0000

झुंझुनूं के डूंडलोद में चल रहा पांच दिन का अश्व प्रशिक्षण शिविर आज सम्पन्न हुआ। रॉयल इक्वेस्टियन पोलो मैदान में हुए इस शिविर में देशभर के घुड़सवारों ने भाग लिया। भारतीय अश्व संस्था के उपाध्यक्ष रघुवेन्द्र सिंह डूंडलोद ने बताया कि विदेशी प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को घुडसवारी के अंतर्राष्ट्रीय नियमों और तकनीक के बारे में जानकारी दी। इन्हें क्लासिक ड्रेसाज, वर्किंग इक्विटेशन और गरोचा सहित अन्य विधाओं का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

0000

उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जोधपुर–दिल्ली केंट–जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का गांधीनगर रेल्वे स्टेशन पर ठहराव का निर्णय लिया है। ये ठहराव कल से प्रभावी होगा। वहीं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने पश्चिमी राजस्थान के यात्रियों को बडी सौगात दी है। जैसलमेर से एक अप्रैल से बाडमेर, जोधपुर और अजमेर के लिए नई बसों का संचालन शुरू किया जा रहा है। इससे परिवहन सेवायें मजबूत होगी और आवागमन सुगम होगा।

0000

प्रदेश में मार्च महीने का समापन और अप्रैल की शुरूआत आंधी बारिश की गतिविधियों से होने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे राज्य के कई हिस्सों में आंधी बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। **आज जोधपुर बीकानेर** संभाग और शेखावाटी क्षेत्र सहित सात जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट बताया गया है। फिलहाल राजधानी जयपुर में तेज धूप का असर बना हुआ है। वहीं कल सभी सातों संभाग के कुछ हिस्सों में गरज और

तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। इसी तरह अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में भी राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना है।

0000

आईपीएल 2026 में आज रॉयल चेलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के बीच टक्कर होगी। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से ये मुकाबला खेला जायेगा।

0000